प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 10.02.2025

- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की धनराशि को कराया गया वापस।**
- **शिकायतकर्ता के खाते से धोखाधड़ी कर ₹ 1,42,900 रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में 1930 पर कॉल कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी गयी थी।**

₹ 1,33,400 की धनराशि को शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया।

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्रीमती सरोजनी पत्नी भगत सिंह निवासी बाघपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के खाते से दिनांक 22.11.2024 से 07.12.2024 के मध्य 1,42,900 रूपये निकाल लेने के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर ऑनलाइन शिकायत की गयी, जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही के क्रम में थाना शिवली साइबर सेल हेल्प डेस्क द्वारा दिनांक 07.02.2025 को ₹ 1,33,400 उनके खाते में वापस कराये गये। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹ 1,33,400

धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री हरमीत सिंह
2. म0का0 प्रीती सोनकर